AMAR UJALA

Page No. 06 Date. 19th May 2019

# स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों ने कराई जांच

अमर उजाला ब्यूरो

मोदीनगर। अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत शनिवार को निवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक लोगों के आंखों व दांतों का परीक्षण किया गया।




अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स कार्यक्रम के तहत आईटीएस कॉलेज मुरादनगर के तत्वावधान में निवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में आईटीएस के डॉ सौरभ चौधरी के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों के आंख और दांत संबंधी जांच की। सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक चले इस शिविर में 100 अधिक लोगों की जांच की गई व बीमारियों से संबंधित दवाएं दी गईं।

**अपराजिता के तहत ग्यासपुर गांव में हुआ आयोजन**

इस दौरान डॉ दीपशिखा दास, डॉ आकांक्षा गोयल, डॉ चंदन सिन्हा की टीम ने दांतों की और डॉ संजय कुमार व राहुल ने आंखों की जांच की। डॉ सौरभ चौधरी ने बताया कि जिन लोगों को आंखों की जांच की गई है। उनको कॉलेज की तरफ से सस्ती दरों पर चश्मे उपलब्ध कराएंगे।

**अपराजिता 100 MILLION SMILES**



काफी समय से आंखों में तकलीफ थी। मुरादनगर जाने का समय नहीं मिल पा रहा था। शिविर में आकर काफी लाभ हुआ। - **कविता**



शिविर में जांच कराकर काफी लाभ हुआ। डॉक्टर ने बताया कि यदि समय पर दवाएं खाता रहा तो चश्मा नहीं लगेगा। - **संजय शर्मा**



गांव के स्वास्थ्य केंद्र खस्ता हाल हैं। चिकित्सक भी कभी-कभी ही पहुंच पाते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लाभ होगा। - **जनार्दन शर्मा**

AMAR UJALA

Page No. 06 (Gzb) Date. 20th May 2019

# स्वास्थ्य शिविर में 197 मरीजों की हुई जांच




अमर उजाला व आईटीएस कॉलेज द्वारा डेंटल कैंप में जांच करते डॉक्टर।

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** आईटीएस डेंटल कॉलेज द्वारा अमर उजाला के अभियान अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्लासिक रेजीडेंसी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मरीजों के दांतों की जांच के अलावा आंखों की जांच और फिजियोथेरेपी के टिप्स दिए गए। 197 मरीजों की जांच की गई।

क्लासिक रेजीडेंसी में लगे हेल्थ कैंप में कुल 197 मरीजों की जांच हुई, जिसमें 114 मरीजों ने दांतों की जांच कराई। इसके अलावा 42 मरीजों के आंखों की जांच हुई। 41 मरीजों को फिजियोथेरेपी की सलाह दी गई। दांतों के मरीजों में से 42 मरीजों के दांतों की सफाई हुई और चार मरीजों के दांत निकाले गए। डॉ. रितु गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का चेकअप किया। इस कैंप में महिला के साथ-साथ बच्चों की संख्या अधिक रही। अधिकतर बच्चों को दो टाइम ब्रश करने और ठीक से ब्रश करने का तरीका भी सिखाया गया। 12 बच्चों की दांतों में प्रिवेंटिव फ्लूराइड एप्लिकेशन किया गया।



दांतों में ब्रेसेस लगे हुए हैं, जिसकी वजह से दांतों की सफाई ठीक से नहीं हो पा रही थी। इसकी सलाह मुझे कैंप के जरिए मिल गई और सफाई के साथ-साथ सभी जांच भी हो गई। -प्रियंका



दांतों की सफाई हो गई थी। दांतों में मसाला भरना था इसके लिए मेडिकल कॉलेज बुलाया गया है। वहां एक्सरे होने के बाद मसाला भरा जाएगा। - विमलेश



दांतों में कोई खास समस्या नहीं थी लेकिन हल्की-हल्की कभी टीस सी उठती थी। कैंप सोसायटी में लगा था इसलिए सफाई करा ली साथ ही आंखों की जांच भी करा ली। - सोनम त्रिवेदी



कई बार डॉक्टर के पास जाने में लापरवाही करते हैं। कैंप में पूरे दांतों की सफाई हो गई और सभी दांतों की जांच हो गई तो अच्छा हो गया। -शशि दूबे